प्रादेशिक समाचार
दिनांक–12.09.2024 (सुबह 08:30 बजे)
मुख्य समाचार

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आयुष्मान भारत योजना के विस्तार को दी मंजूरी, 70 वर्ष से अधिक आयु के छह करोड़ लोग होंगे लाभान्वित, आय सीमा का बंधन नहीं।
- केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने रांची में कहा– हमारी पार्टी एनडीए के साथ मिलकर झारखंड में लड़ेगी चुनाव, सीट शेयरिंग पर भाजपा नेताओं से जल्द करेंगे बातचीत।
- जमीन घोटाला मामले में रांची स्थित बड़गाई के तत्कालीन सीओ मनोज कुमार और शैलेश कुमार को एसीबी ने लिया हिरासत में, रांची में दोनों से हो रही है पूछताछ।
- नीट पेपर लीक मामले में हजारीबाग के सील गेस्ट हाउस में फिर साक्ष्य से हुई छेड़छाड़, सीबीआई की टीम ने घटनास्थल का लिया जायजा।
- पटना हाईकोर्ट ने गांधी मैदान में 11 साल पहले हुए सीरियल ब्लास्ट मामले में रांची के चार दोषियों की फांसी की सजा 30–30 साल कैद में बदली।

****

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कवरेज देने को मंजूरी दे दी है। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी दी।
सरकार ने 31 हजार 350 मेगावाट की जलविद्युत परियोजनाओं को भी मंजूरी दे दी है। इसके लिए 12 हजार 461 करोड़ रुपये आवंटित किए गये हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में दो साल की अवधि में 10 हजार 900 करोड़ के परिव्यय के साथ पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एनहांसमेंट योजना को भी मंजूरी दे दी है। श्री वैष्णव ने कहा कि इस योजना में अब ई–वाउचर शामिल होंगे, जो इलेक्टिक वाहन खरीद प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करेंगे।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 15 सितंबर को जमशेदपुर आगमन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इस सिलसिले में पूर्व केन्द्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अर्जुन मुंडा ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। इस दौरान श्री मुंडा ने कहा कि यह झारखंड के लिए गौरव की बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जमशेदपुर से देशभर के लोगों को कई योजनाओं की सौगात देंगे।

****

इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि प्रधानमंत्री के जमशेदपुर दौरे को लेकर पूरे राज्य में उत्साह का माहौल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन से पार्टी कार्यकर्ताओं में नयी ऊर्जा का संचार होगा।

****

हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा– सेक्यूलर के संस्थापक और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि उनकी पार्टी एनडीए के साथ मिलकर झारखंड विधानसभा का चुनाव लड़ेगी। रांची में एमएसएमई मंत्रालय की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वे पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। श्री मांझी ने कहा कि सीट शेयरिंग के मामले में उनकी जल्द ही भाजपा नेताओं से बातचीत होगी।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
****

रांची के बड़गाईं से जुड़े जमीन घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो–एसीबी ने बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी की टीम ने बड़गाईं के तत्कालीन सीओ मनोज कुमार और शैलेश कुमार के रांची, हजारीबाग, जमशेदपुर और गिरिडीह में छह ठिकानों पर छापेमारी के बाद दोनों को हिरासत में ले लिया है। जांच एजेंसी दोनों को रांची लेकर आयी है और उनसे पूछताछ कर रही है।

****

पाकुड़ जिले में महिलाओं को पौधशाला से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की पहल की जा रही है।

****

नीट प्रश्न पत्र लीक मामले में हजारीबाग में सीबीआई ने जिस गेस्ट हाउस को सील किया है, उसमें घुसकर अपराधियों ने दूसरी बार साक्ष्य के साथ छेड़छाड़ की है। घटना की जानकारी मिलते ही सीबीआई के अधिकारी फारेंसिक टीम के साथ हजारीबाग पहुंचे। टीम जब अंदर गयी तो कई दस्तावेज और सामान बिखरे मिले। पहले तल्ले की खिड़की तोड़कर अपराधी अंदर घुसे थे। सीबीआई की टीम ने साक्ष्य इकट्ठा करने के बाद गेस्ट हाउस को फिर से सील कर दिया है। कुछ समय पहले भी अपराधियों ने सील गेस्ट हाउस में घुसकर साक्ष्य मिटाने की कोशिश की थी।

****

पटना हाईकोर्ट ने गांधी मैदान में 11 साल पहले हुए सीरियल ब्लास्ट मामले में रांची के चार दोषियों की फांसी की सजा को 30–30 साल कैद में बदल दी। इस मामले में दो दोषियों की उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा गया है। न्यायामूर्ति आशुतोष कुमार और न्यायमूर्ति जितेन्द्र कुमार की खंडपीठ ने राज्य सरकार की दायर डेथ रेफरेंस सहित दोषियों की ओर से दायर अपील पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया।

****

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने बड़गाईं अंचल से जुड़े जमीन घोटाला मामले में एसीबी की कार्रवाई की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– हजारीबाग के एसडीओ समेत दो के ठिकानों पर छापेमारी।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– हजारीबाग के एसडीओ और नोवामुंडी सीओ के छह ठिकानों पर एसीबी छापे, दोनों को साथ ले गयी।

प्रभात खबर के शब्द हैं– 70 साल से अधिक के सभी वर्ग के बुजुर्गों का पांच लाख तक का इलाज अब मुफ्त।

दैनिक जागरण लिखता है– महिलाओं के विरुद्ध अपराध पर हाईकोर्ट गंभीर, गृह सचिव और डीजीपी तलब

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने केन्द्रीय कैबिनेट द्वारा आयुष्मान भारत योजना को विस्तार देने की खबर को सुर्खी बनायी है।

हिन्दुस्तान टाइम्स लिखता है– मोदी ने 2030 तक इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में 500 अरब डालर का लक्ष्य स्थापित किया।

****